मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांक:24.06.2026

अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाट्सएप पर फेक लिंक भेजकर पीड़ित के खाते से की गयी साइबर ठगी की घटना से सम्बन्धित धनराशि ₹ 98,458.41/- को थाना चील्ह साइबर सेल टीम द्वारा पीड़ित के खाते में कराया गया वापस—

दिनांक 22.04.2026 को आवेदक अंकुर प्रताप सिंह निवासी बल्लीपरवां थाना चील्ह जनपद मीरजापुर द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या 33104260088928 दर्ज करायी गयी। जिसमें आवेदक के व्हाट्सएप पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेक लिंक भेजकर पीड़ित के खाते से ₹ 99,000.00/-की साइबर ठगी कर ली गयी। उक्त के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त होने पर थाना चील्ह साइबर सेल टीम द्वारा जांच प्रारम्भ कर दी गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना चील्ह साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जांच के दौरान कार्यवाही करते हुए आवेदक के खाते में धनराशि ₹ 98,458.41/- पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। खाते में पैसा वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर पुलिस उच्चाधिकारी व थाना चील्ह साइबर सेल टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

थाना चील्ह साइबर सेल टीम—

उपनिरीक्षक बैद्यनाथ सिंह, थानाध्यक्ष चील्ह, मीरजापुर।

उपनिरीक्षक मनोज सिंह, महिला आरक्षी सोनाली पाण्डेय, थाना चील्ह जनपद मीरजापुर।

REFUND
98,458.41 RS
PS CHILH , MIRZAPUR

****